एक नजर में

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

बैतूल। कई ग्रामीण अपने स्वास्थ्य के प्रति अनभिज्ञ रहते हैं और ब्लड आदि परीक्षण नहीं करवाते हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समाज के वंचित, पिछड़े क्षेत्रों के उत्थान के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर सामाजिक और जन-कल्याणकारी कार्य सेवा प्रकल्प चलाती है। जिसमें शिक्षा क्षेत्र, स्वास्थ्य सेवा, आत्मनिर्भरता और कौशल विकास, सामाजिक समरसता और संस्कार आदि हैं। इसके तहत ग्राम रायपुर प्रखंड शाहपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मधुसूदन साहू एवं पहावाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचओ सुनीता परते एवं उनके साथ उनकी सहायिकाओं ने सेवाएं दी। शिविर के दौरान परीक्षण करने पर कुछ ग्रामीणों को पहली बार पता चला की उनको मधुमेह और रक्तचाप की समस्या हैं। इस मौके पर डॉ .मधुसूदन साहू ने कहा कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी है। ऐसे क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविरों का संचालन निश्चित ही अच्छी पहल है। इस अवसर पर संगठन के विभाग संगठन मंत्री उमेश पाराशर, प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कृष्णकांत गावंडे, जिला मंत्री श्याम राठौर सेवा प्रमुख शुभम चौरे, जिला संयोजक शुभम यादव, प्रखंड संयोजक बलराम यादव सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस शिविर का आसपास के भी सैकड़ों मरीजों ने लाभ उठाया।

30 ग्रामों में पहुंचा जन्मोत्सव प्रचार रथ

मुलताई। पवित्र नगरी में सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जन्मोत्सव के सप्त दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जन्मोत्सव प्रचार रथ रवाना किया है, जो प्रतिदिन ग्रामो में पहुंचकर प्रचार प्रसार कर रहा है। वहीं ग्रामीण रथ में सवार ताप्ती जल कलश का पूजन कर आमत्रंण स्वीकार कर है। रविवार को रथ कामथ, चिखली, दुनावा, सावरी, घाट बिरोली, हतनापुर सहित करीब 30 में पहुचा एवं प्रचार प्रसार किया,जहां ग्रामीणों ने रथ में ताप्ती जल कलश का पूजन किया। न्यास के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया 14 जुलाई को न्यास के ग्रामीण कार्यकर्ता ताप्ती जल कलश लेने मुलतापी आएंगे, सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास की ग्रामीण समितियां अपने-अपने गांव में मां ताप्ती जल कलश की स्थापना कर साप्ताहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाएंगे, रविवार को रथ के साथ वीरेंद्र बुवाडे, दीपक परिहार ने भ्रमण कर समयदान किया।

मवेशियों को पकड़ने शुरू किया अभियान

मुलताई। नगर के मुख्य मार्ग हो या फिर ताप्ती परिक्रमा मार्ग नगर की सड़कों पर गौवंश एवं मवेशिया घूमते रहते है, जिससे आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा मवेशियों को पकड़ने के निर्देश कई बार दिए जा चुके। रविवार से नगरपालिका द्वारा मवेशी पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले ही दिन नगर पालिका की टीम ने लगभग एक दर्जन मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त क्षेत्रों में घूम रहे मवेशियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है। अभियान के तहत सड़क पर घूमते पाए गए मवेशियों को सुरक्षित रूप से गौशाला पहुंचाया जा रहा है।

अब बच्चों को मिलेगी रेडीमेड ड्रेस, हालांकि अभी आदेश प्राप्त नहीं

नवभारत न्यूज

बैतूल, 12 जुलाई. जिले के शासकीय स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी। 15 जून से शुरू हुए नये शैक्षणिक सत्र को करीब एक पखवाड़े से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कक्षा पहली से आठवीं तक के करीब 1 लाख 18 हजार छात्र अब भी गणवेश का इंतजार कर रहे हैं।

बार-बार व्यवस्था बदलने से बच्चे हो रहे परेशान

अभी तक नहीं आए स्कूल ड्रेस को लेकर आदेश

शासन की ओर से अब तक छात्रों के बैंक खातों में न तो गणवेश खरीदने के लिए 600 रुपए की राशि पहुंची है और न ही स्कूलों में नई ड्रेस वितरित की गई है। इसका परिणाम यह है कि कई बच्चे पुराने और फटे-पुराने गणवेश में स्कूल पहुंच रहे हैं, जबकि जिनके पास गणवेश नहीं है, वे सामान्य कपड़ों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार, शासन इस बार गणवेश वितरण की व्यवस्था में फिर बदलाव करने जा रहा है। पहले छात्रों के खातों में राशि भेजने की व्यवस्था थी, लेकिन अब तैयार सिली हुई दो जोड़ी गणवेश विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पर भी काम चल रहा है। यही कारण है कि न राशि जारी हो सकी है और न ही गणवेश का वितरण शुरू हो पाया है। बता दे कि वैसे भी हर साल सत्र के चार से पांच महीने बाद ही स्कूल ड्रेस की प्रक्रिया शुरू होती है। जिले में पिछले शैक्षणिक सत्र में बच्चों को ड्रेस उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इन विद्यार्थियों

के बैंक खातों में स्कूल ड्रेस की राशि के रूप में भुगतान किया गया।

बार-बार व्यवस्था बदलने से बच्चे हो रहे परेशान : बार-बार व्यवस्था बदलने के कारण हर साल शुरुआती सत्र में छात्र ही सबसे अधिक परेशान होते हैं। शिक्षा विभाग और शासन के बीच नीति तय होने तक बच्चों को बिना गणवेश या पुराने कपड़ों में स्कूल जाना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जब हर वर्ष सत्र शुरू होने की तारीख तय रहती है, तो गणवेश जैसी बुनियादी व्यवस्था समय पर सुनिश्चित क्यों नहीं की जा सकी। मालूम हो कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा 3 साल से ड्रेस के लिए 600 रुपए डीबीटी माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी जा रही थी। लेकिन इस साल प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस के लिए राशि नहीं बल्कि सिली-सिलाई ड्रेस का वितरण किया जायेगा। जानकार बताते है कि 2016-17 से 2018-19 की अवधि में स्कूल ड्रेस वितरण की जिम्मेदारी शाला प्रबंधन समितियों (एसएमसी) को दी गई थी।

तीन साल बाद फिर नियमों में बदलाव

बताया जा रहा है कि विद्यार्थियों को सरकार की ओर से मिलने वाली स्कूल ड्रेस को लेकर तीन साल बाद फिर नियमों में बदलाव किया जा रहा है। अब कक्षा एक से 8 तक के छात्रों के बैंक खातों में स्कूल ड्रेस के लिए आने वाली 600 रूपये की नकद राशि की जगह इस बार सरकार शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को सिली-सिलाई ड्रेस देगी। जिसके लिए पोर्टल पर डाटा अपडेट किया जा चुका है। इस बदलाव को शिक्षा व्यवस्था में एक बड़े यू-टर्न के तौर पर देखा जा रहा है। नियमों में बदलाव को लेकर विभागीय अधिकारी चिंतित नजर आ रहे है, क्योंकि स्कूल शुरू होने के साथ ही विद्यार्थियों की स्कूल ड्रेस को लेकर शासन स्तर से कोई भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

> गणवेश के लिए हमनें सभी विद्यार्थियों का भौतिक सत्यापन कर लिया है। बैंक खातों की जानकारी भी अपेडट कर ली हैं। शासन स्तर से जैसे निर्देश प्राप्त होंगे, वैसे आगे की प्रक्रिया होगी। जहां तक गणवेश वितरण प्रक्रिया में बदलाव की बात हैं तो हमें आदेश नहीं मिले हैं। शायद शासन स्तर पर प्रक्रिया चल रही होगी।
>
> **- सुधीर कुमार साकेत,** डीपीसी, बैतूल

कई बार बदली जा चुकी है गणवेश वितरण की व्यवस्था

गौरतलब है कि गणवेश वितरण की व्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में कई बार बदली जा चुकी है। तीन वर्ष पहले स्व-सहायता समूहों को गणवेश सिलने का जिम्मा दिया गया था, ताकि समूहों को रोजगार मिल सके, लेकिन सिलाई और वितरण में हुई देरी के कारण पूरे सत्र में गणवेश बांटने की प्रक्रिया चलती रही और शासन को आलोचना का सामना करना पड़ा। यह व्यवस्था समाप्त कर छात्रों के खातों में सीधे राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। इससे पहले विकासखंड स्तर पर गणवेश खरीदी के लिए मेले भी लगाए जाते थे, जहां से स्कूलों के माध्यम से गणवेश खरीदे जाते थे। गुणवत्ता संबंधी शिकायतें सामने आने के बाद वह व्यवस्था भी बंद कर दी गई। अब एक बार फिर नई प्रणाली लागू करने की तैयारी ने पुरानी समस्या को दोहरा दिया है।

सतपुड़ा वैली के 21वें फाउंडेशन डे पर छात्र परिषद ने ली शपथ

बैतूल। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में 21वें फाउंडेशन डे के अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान सीबीएसई विंग में मोक्षा डागा तथा कैम्ब्रिज विंग में दीवा डागा ने भारी बहुमत से छात्र संघ अध्यक्ष (स्कूल कैप्टन) निर्वाचित होकर छात्र नेतृत्व की नई मिसाल पेश की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मला डागा एवं निलय विनोद डागा रहे, जबकि विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा की विशेष उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शपथ ग्रहण समारोह में सीबीएसई विंग की छात्र परिषद के स्कूल कैप्टन मोक्षा डागा, कल्चरल कैप्टन नेतल अग्रवाल, डिसिप्लिन कैप्टन आशी खंडेलवाल एवं स्पोर्ट्स कैप्टन समर्थ चौहान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहीं कैम्ब्रिज विंग में स्कूल कैप्टन दीवा डागा, कल्चरल कैप्टन दृष्टि नरवरे तथा स्पोर्ट्स कैप्टन सेजल साहू ने अपने दायित्व ग्रहण किए। सीबीएसई विंग के गुंजन हाउस के हाउस कैप्टन यश कावड़े एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव मोक्षदा धाकड़े, नीनाद हाउस की हाउस कैप्टन प्रगति जैन एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव अविराज चौहान, कलरव हाउस की हाउस कैप्टन जिज्ञासा गुजरे एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव रक्षित गोठी तथा झंकार हाउस के हाउस कैप्टन झबक पवार एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव बुरहानुद्दीन कुतबी ने भी शपथ लेकर अपनी जिम्मेदारियां संभालीं।

भुजलिया नाले में मिला कोल कर्मी का शव

सारनी। शोभापुर कॉलोनी के भुजलिया नाले में रविवार सुबह एक कोल कर्मी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रामबीरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा और मर्ग की कायमी कर मामले को जांच में लिया है। वेकोलि सुरक्षा अधिकारी ऋतुराज ने बताया मृतक छतरपुर खदान में कार्यरत था। जिसका शव भुजलिया पुलिया में मिला है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। लोगों का मानना है कि रात 8 बजे जब मंदिर

में आरती हुई तब तक रामबीरज को वहां देखा गया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि लघु शंका करने नाले के पास रामबिरज गया होगा। इस दौरान नाले में गिर गया होगा। इस संबंध में पाथाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी मनोज उइके ने बताया कि भुजलिया नाले में मिले शव की पहचान 50 वर्षीय रामबिरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पंचनामा, मर्ग की कायमी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल पायेगा।

रेलवे स्टेशन के पास मां ताप्ती की प्रतिमा स्थापना समारोह 16 से

नवभारत न्यूज

बैतूल, 12 मुलताई. पवित्र नगरी में रेलवे स्टेशन के पास स्थित नारद कुंड के समीप स्थित मंदिर में माँ तापी की नवीन दिव्य प्रतिमा स्थापना का त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 16 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा।

मां ताप्ती मंदिर के परम्परागत पुजारी सौरभ जोशी ने बताया यह आयोजन माता तापी नवरात्रि उत्सव के पावन अवसर पर संपन्न होगा ।प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारम्भ 16 जुलाई, प्रात: 9:00 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा ताप्ती तट से नगर भ्रमण करते हुए नारद कुंड पहुँचेगी। जहां 17 जुलाई वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, पाठ, हवन एवं मूर्ति शयन का दिव्य आयोजन होगा, वहीं 18 जुलाई प्रात: सहस्त्रधारा अभिषेक, वैदिक विधि से प्राण-प्रतिष्ठा तथा महाआरती का भव्य आयोजन पंडित सौरभ दत्तात्रेय जोशी मुलतापी वाले के सानिध्य में संम्पन्न होगा। आयोजको ने 16 जुलाई की भव्य शोभायात्रा एवं तीनों दिवस के सभी धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुरोध किया है।

चोरी : दान पेटियों से 40 हजार ले गया चोर

मुलताई। नगर में नए टीआई के प्रभार लेने के बाद से चोरी की घटनाए लगातार हो रही है। अज्ञात चोरो ने अब मासोद रोड पंप हाउस के पास स्थित खाटू श्याम मंदिर हवेली को अपना निशाना बनाया है ।बताया जाता है शनिवार देर रात अज्ञात चोरो ने हवेली मंदिर की दानपेटी उठाकर खेत में ले जाकर पेटिया तोड़कर करीब 40 हजार रुपए चोरी कर ले गए ।चोरी से पहले चोरो ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार काटे थे ।जिसके बाद खाटू श्याम महिला मंडल की महिलाए थाने पहुंची एवं घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं घटना स्थल का जायजा लिया।

पुलिस द्वारा मामले में जांच की जा रही है। घटना के दौरान मंदिर का चौकीदार और पुजारी सो रहे थे, इसलिए किसी को इसकी भनक नही लगी। सुबह जब पुजारी मंगला आरती करने मंदिर पहुंचे तो मंदिर में दान पेटिया नही मिली ।जिसकी सुचना श्रद्धालुओं को दी,तलाश करने पर मंदिर के पीछ खेत मे टूटी हुई पेटियां पडी हुई थी। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दान पेटिया बरामद की। पुजारी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि दान पेटियो में करीब 40 हजार रुपए से अधिक की राशि होने का अनुमान है ।मंदिरो में लगातार हो रही चोरी की घटनाओ के बाद श्रद्धालुओं में गुस्सा दिखाई दे रहा है ।अब लोग पुलिस की गश्त पर सवाल उठा रहे है ।वहीं पुलिस मंदिर में हुई पुरानी चोरी का खुलासा नही कर पा रही, जिससे चोर मंदिरो को निशाना बना रहे है। महिला मंडल ने कार्रवाई करने एवं दूसरे मंदिरो में चोरी की पुनरावृति नही होने की बात कही है।

कांग्रेस की एक दिवसीय भूख हड़ताल, पूर्ण वेतन की मांग

सारनी। नगरपालिका परिषद सारनी में कार्यरत आउटसोर्स मजदूरों को पूर्ण वेतन भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय भूख हड़ताल की जाएगी। इसे लेकर कांग्रेस ने तैयारी पूरी कर ली है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने बताया कि नपा कार्यालय के सामने मजदूरों के शोषण के खिलाफ सोमवार को भूख हड़ताल की जा रही है। इसमें कांग्रेस के सभी विंग शामिल होंगे। जबकि सभा को वरिष्ठ और कनिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि कई वर्षों से नगरपालिका, डब्ल्यूसीएल और मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी में कार्यरत ठेका मजदूर शोषण के शिकार हो रहे हैं। इसकी जानकारी आलाअफसरों को है। इसके बाद भी मजदूरों का शोषण रोकने आगे नहीं आ रहे। उन्होंने बताया पूरी मजदूरी की तो बात दूर है। आज भी कई ऐसे ठेका मजदूर है जो वर्षों से लगातार शासकीय कंपनी और विभागो में सेवाएं दे रहे हैं पर उनका आज तक ईपीएफ तक नहीं काटा गया। मजदूरों की जायज मांगों के समर्थन में ब्लाक कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय भूख हड़ताल सोमवार को नपा कार्यालय के सामने की जाएगी।

विश्व आदिवासी दिवस पर निकलेगी भव्य रैली

बैतूल। समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक पड़ापेन ठाना सदर में वरिष्ठ समाजसेवी शंकर सरियाम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस जिला मुख्यालय पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पड़ापेन ठाना से पारंपरिक वाद्य यंत्रों और पारंपरिक नृत्य के साथ भव्य रैली निकाली जाएगी। रैली अंबेडकर चौक, रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम, शिवाजी चौक, कलेक्ट्रेट मार्ग, लल्ली चौक, सरदार विष्णु सिंह बस स्टैंड और मुल्ला पेट्रोल पंप होते हुए पुन: अंबेडकर चौक से गुरुद्वारा रोड

स्थित आदिवासी मंगल भवन पहुंचेगी। यहां वैचारिक उद्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि 9 अगस्त से पहले सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों में आदिवासी संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आदिवासी समाज द्वारा एक परिवार-एक पौधा अपने पुरखों के नाम अभियान चलाते हुए प्रत्येक परिवार से पौधारोपण करने की अपील की गई।

उपजोन समन्वय समिति की बैठक में ली लक्ष्य पूर्ति रिपोर्ट

मुलताई। अखिल विश्व गायत्री परिवार की उप जोन समन्वय समिति की बैठक रविवार को गायत्री शक्ति पीठ मुलताई में हुई। बैठक में जोन समन्वय समिति के सह समन्वयक रामचंद्र गायकवाड़ ,जोन समन्वय समिति के शिक्षण प्रशिक्षण शिविर प्रांतीय के दिनेश देशमुख , उपजोन समन्वयक मानसिंह चौधरी, जिला समन्वय समिति के संरक्षक डॉ कैलाश वर्मा की उपस्थिति में बैतूल, पांढुरना ,बालाघाट,छिंदवाड़ा एवं जिला, समन्वय समिति ,एव सह समन्वयकों उपस्थित रहे ।जिसमें उपजोंन समन्वयक मानसिंह चौधरी ने गोष्ठी का मूल उद्देश्य

बताया एवं शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित कार्यों के लक्ष्य पूर्ति की त्रैमासिक जानकारी ली। प्रत्येक जिला समन्वयको के द्वारा अपने अपने जिले की त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की ।जोन सह समन्वयक शिक्षण प्रशिक्षण प्रांतीय, दिनेश देशमुख ने संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने विशेष मार्गदर्शन दिया ।जोन सह समन्वयक एवं गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक रामचन्द्र गायकवाड़ ने कैसे हो हमारे कार्यकर्ता,एवं कैसे हो हमारे प्रज्ञा संस्थान विषय पर शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ताओं को पूर्ण समर्पण भाव से नियमित गुरु कार्य हेतु दो घंटे का समयदान अनिवार्य रूप से देने एवं प्रज्ञा संस्थानों को मिनी शांतिकुंज के रूप में कार्य करते हुए क्षेत्र में मिशन की गतिविधियों को विस्तार देने की बात कहीं ।कार्यक्रम समापन के पूर्व उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला स्तर पर एवं तहसील स्तर पर गोष्ठी लेकर जन्म शताब्दी वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने हेतु कार्य करने का संकल्प लिया।

शिविर ब्रेन को स्वस्थ रखने के पांच मंत्र देकर डॉ . सिकंदर आडवाणी ने किया जागरूक

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक लोगों ने कराया परीक्षण

बैतूल। विश्वकर्मा मंदिर बैतूल गंज में रविवार को विश्वकर्मा समाज समिति एवं समाज के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में स्व.अभिषेक मालवी, स्व.शैलेन्द्र मालवी एवं स्व.राजेश मालवी की स्मृति में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ आयोजित इस सेवा कार्य में सभी समुदायों के 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, चिकित्सकीय परामर्श लिया तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सर्व धर्म

समभाव की भावना के साथ एक पेड़ मां के नाम पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बैतूल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस अवसर पर अमरावती से पधारे सुप्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सिकंदर आडवाणी ने बैतूल वन ब्रेन अभियान के माध्यम से मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के पांच महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने प्रतिदिन 20 से 25 मिनट पैदल चलने, 6 से 7 घंटे की पर्याप्त नींद लेने, ब्लड प्रेशर और शुगर को नियंत्रित रखने, सामाजिक रूप से लोगों से जुड़े रहने तथा जीवनभर कुछ नया सीखते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क को जितनी चुनौती दी जाएगी, वह उतना ही सक्रिय रहेगा। तंबाकू को मस्तिष्क के लिए सबसे खतरनाक बताते हुए इससे पूरी तरह दूर रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि इन पांच आदतों को अपनाकर लगभग 10 बीमारियों के खतरे को 45 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रेन स्ट्रोक के लक्षण दिखाई देने पर चार घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी है और इन स्वास्थ्य आदतों को अपनाने का सकारात्मक परिणाम छह माह के भीतर दिखाई देने लगता है। कार्यक्रम में बैतूल रेडक्रॉस सोसायटी के जिलाध्यक्ष एवं सिटी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अरुण जयसिंहपुरे तथा सुभद्रा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विनय सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में अमरावती के डॉ. सिकंदर आडवाणी के साथ डॉ. अनंत काकोनी, डॉ. यमन पात्रे, डॉ. अंगद, डॉ. पवन इंगोले, राहुल, हरीश, साहिल, सैयद शबीर, मिश्राजी, स्नेहल, समीक्षा, अश्विनी, अंचल, मनीषा और रूचि साकरे ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान बाहर से पधारे सभी चिकित्सकों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। विश्वकर्मा समाज समिति जिला बैतूल ने इस सफल आयोजन के बाद भविष्य में और भी वृहद स्तर पर विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की।

नपा क्षेत्र का स्नेह हमेशा याद रखूंगा : मेश्राम

सारनी। नपा क्षेत्र में मिला स्नेह सदैव याद करुँगा। नपा सारनी में सात वर्ष तक सेवा देने के बाद सारनी से सेवानिवृत हुआ हूँ। उपरोक्त उदगार नपा सारनी से सेवानिवृत सीएमओ सीके मेश्राम ने ठेकेदार संघ द्वारा आयोजित बिदाई समारोह में व्यक्त किये है। नपा अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि सीएमओ के प्रयास से पीएम स्वनिधि योजना में सारनी नपा को देश में द्वितीय और मप्र में मिला प्रथम स्थान पर रही है। उन्होंने कहा कि श्री मेश्राम के कार्यकाल में नपा क्षेत्र में काफी विकास एवं सौंदर्यकरण कार्य हुआ है। रविवार लक्ष्मी लान में सेवानिवृत हुए सीएमओ सीके मेश्राम को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी गई। इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष जगदीश पवार, प्रभारी सीएमओ

हितेस्य शाक्य नेता प्रतिपक्ष पिटिश नागले, पार्षद, ऐल्डरमेन नपा इंजीनियर सहित नपा के अन्य विभागों अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे.सेवानिवृत सीएमओ सीके मेश्राम का पार्षदों,नगर पालिका ठेकेदार संघ द्वारा पुष्प गुछ से स्वागत किया गया। विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा ने कहा की अनुभव शील सीएमओ ने क्षेत्र के विकास की इबादत लिखने में अहम भूमिका निभाई है। नेता प्रतिपक्ष प्रिंटिस नागले एवं तिरुपति एरुल ने कहा की यह विदाई नहीं सम्मान का कार्यक्रम है,नपा में लगातार 7 साल शहर को विकास की गति देने में महती भूमिका निभाई है। रंजीत सिंह ने कहा की पाथाखेड़ा क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए भव्य स्टेडियम की सौगात दिलाने में बडा योगदान रहा है।